मुख्य प्रबन्धक राजस्थान परिवहन निगम, दौसा आगार

क्रमांकः– मु0प्र0दौसा / सामा0 / 2024 /   दिनांकः–24.07.2024

निविदा–विज्ञप्ति

दौसा आगार के अधिनस्थ पुराना बस स्टैण्ड (गॉधी सर्किल) दौसा के पार्किंग / प्रांगण / प्लेटफार्म एवं बुकिंग की झाडू साफ सफाई के कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तें निर्धारित राशि 200 / –(दो सौ रूपये मात्र) नगद जमा कराकर निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। सफल निविदा दाता को धरोहर राशि के रूप में राशि रू0 5000 / – (पांच हजार मात्र) नगद अथवा डी.डी. / बैंकर्स चैक, मुख्य प्रबन्धक रा.रा.प.प.निगम दौसा आगार के नाम जमा करानी होगी, तथा निगम द्वारा निर्धारित अनुबन्ध की शर्तें स्वीकार करनी होंगी।

इच्छुक व्यक्ति / संस्थान जो उक्त कार्य करने का अनुभवी हो दिनांक 31.07.2024 समय दोपहर 14:00 बजे तक मुख्य प्रबन्धक कार्यालय रापनिगम, दौसा आगार में अपनी निविदा मय सील लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते है। इसके बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त समय तक प्राप्त निविदाओं को उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष दिनांक 31.07.2024 को समय दोपहर 15:00 बजे खोला जावेगा तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम के तहत निर्णय लिया जावेगा। जिस व्यक्ति / संस्था के नाम निविदा खुलने के पश्चात यदि कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाता है अथवा अनुबन्ध अवधि में बिना सूचना के कार्य बंद किया जाता है तो उक्त व्यक्ति / संस्था का अनुबन्ध समाप्त कर धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी।

किसी भी प्रस्ताव या सभी प्रस्तावों का बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

(विश्राम मीना)
मुख्य प्रबन्धक,दौसा आगार
दिनांकः–24.07.2024

क्रमांकः–मु0प्र0दौसा / सामा0 / 2024 / 987

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. श्रीमान उप महा प्रबन्धक (आई.टी.) रा0रा0प0प0निगम, मुख्यालय जयपुर
2. श्रीमान कार्यकारी प्रबन्धक(विज्ञापन) रा0रा0प0प0निगम, मुख्यालय जयपुर
3. नोटिस बोर्ड नया / पुराना बस स्टैण्ड,दौसा आगार
4. नोटिस बोर्ड,कार्यालय नगर परिषद,दौसा
5. प्रबन्धक (वित्त) रा0रा0प0प0निगम दौसा आगार को भेजकर लेख है कि ऑनलाईन निविदा जारी करने की कार्यवाही करावे।
6. सम्बन्धित पत्रावली।

मुख्य प्रबन्धक,दौसा आगार